आधुनिक भारत का इतिहास

राष्ट्रवाद

(खंड-3)

-मणिकांत सिंह

1. स्वराज दल का मुख्य उद्देश्य था-

(a) असहयोग को काउन्सिलों तक पहुँचाना

(b) पूर्ण स्वराज्य

(c) स्वशासन (होमरूल)

(d) हिंसात्मक साधनों से अंग्रेजी शासन का विनाश

2. असहयोग तथा खिलाफत से संबंधित निम्नलिखित घटनाओं को बढ़ते हुए कालक्रम में सझाईए: -

1. खिलाफत का प्रस्ताव
2. गांधी के द्वारा एक वर्ष में स्वराज का प्रस्ताव
3. कलकत्ता का विशेष अधिवेशन
4. गांधी की गिरफ्तारी

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 1, 3, 4

(c) 1, 3, 2, 4 (d) 1, 2, 4, 3

3. नेहरू रिपोर्ट में निम्नलिखित में क्या प्रावधान थे: -

1. मौलिक अधिकार
2. पृथक निर्वाचन
3. भारतीयों के द्वारा निर्वाचित वायसराय
4. सार्वत्रिक वयस्क मताधिकार

(a) केवल 1 (b) 1, 2, 4

(c) 1, 4 (d) 1, 3, 4

4. कथन (A):- साइमन कमीशन में सात सदस्य श्वेत लिए गए थे।

कारण (R):- यह कमीशन ब्रिटिश पार्लियामेंट के सदस्यों से लिया गया था जहाँ कोई भारतीय सदस्य नहीं था।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन (1929) इतिहास में इसलिए बहुत प्रसिद्ध है, क्योंकि-

1. कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य की मांग का एक संकल्प पारित किया।
2. इस अधिवेशन में उग्रवादियों एवं उदारवादियों के बीच झगड़े को सुलझा लिया गया।
3. इस अधिवेशन में दो राष्ट्रों की मांग के सिद्धांत को अस्वीकार करते हुए एक संकल्प पारित किया गया।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं-

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं